




साप्ताहिक

# बुलंद गोंदिया

खबरों का आईना

प्रधान संपादक : **अभिषेक चौहान** । संपादक : **नवीन अग्रवाल**

E-mail : **bulandgondia@gmail.com** | E-paper : **bulandgondia.net** | Office Contact No.: **7670079009** | R. No.: **MAH-HIN-10169**



वर्ष : 2 | अंक : 37 गोंदिया : गुरुवार, 21 से 27 अप्रैल 2022 ■ पृष्ठ : 4 ■ मूल्य : रु. 5

# श्री हनुमान जन्मोत्सव की गोंदिया शहर में धूम

## जय श्री राम, जय हनुमान के नारों से गूंज उठी नगरी । मंदिरों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन



बुलंद गोंदिया - रामभक्त अजर अमर वीर श्री हनुमान जन्मोत्सव शनिवार 16 अप्रैल को पूरे शहर में शहर के श्री हनुमान मंदिरों में बड़े धूमधाम से आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है कि कोरोना के गत 2 सालों के दौरान जन्मोत्सव का आयोजन नहीं हो पाया था जिससे इस वर्ष भक्तों का उत्साह कई गुना अधिक नजर आया शहर के सभी श्री हनुमान मंदिरों में सुबह से ही विभिन्न धार्मिक आयोजन चलते रहे जिसमें सर्वप्रथम हनुमान जी का अभिषेक, हवन, पूजन, कीर्तन हनुमान चालीसा, सुंदरकांड आदि का आयोजन होने के साथ ही शहर के अधिकांश मंदिरों में दिन में व शाम को महाप्रसाद का आयोजन भी आयोजकों द्वारा किया गया जिसका लाभ शहर के सभी भक्तों द्वारा लिया गया।

श्री हनुमान मंदिर गौशाला वार्ड श्री हनुमान मंदिर गौशाला वार्ड में पूर्व पार्षद राकेश ठाकुर व शीलू ठाकुर के मार्गदर्शन में मंदिर समिति द्वारा हवन पूजन आयोजित करने के साथ ही महाप्रसाद का आयोजन किया गया जिसमें परिसर के हजारों भक्तों द्वारा प्रभु श्री हनुमान का हनुमान जी के दर्शन करने के पश्चात महाप्रसाद का लाभ लिया। घाट वाले हनुमान जी सरकारी तलाव अंडर ग्राउंड के समीप श्री घाट





वाले हनुमान जी के मंदिर में पूर्व पार्षद व शिवसेना के शहर अध्यक्ष लोकेश यादव व समिति द्वारा हनुमान जी का अभिषेक हवन करने के साथ ही संगीतमय भजनों की प्रस्तुति व हनुमान चालीसा का पाठ करने के साथ ही महाप्रसाद का आयोजन किया गया जो दोपहर से शुरु हुआ जो देर शाम तक चलता रहा जिसमें हजारों लोगों ने महा प्रसाद का लाभ लिया। श्री हनुमान मंदिर हनुमान चौक सिविल लाइन

श्री हनुमान मंदिर हनुमान चौक सिविल लाइन यह शहर का एक जागृत हनुमान मंदिर है जहां पर वर्ष भर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है लेकिन हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर भव्य विशाल कार्यक्रम आयोजन समिति द्वारा आयोजित किए जाते हैं जहां 1 दिन पूर्व विशाल हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन जन्मोत्सव के पर्व पर हनुमान जी का अभिषेक हवन पूजन के साथ ही विशाल महाप्रसाद का आयोजन किया गया जिसमें मंदिर परिसर में प्रत्यक्ष रुप से करीब 15000 लोगों ने व टिफिन व्यवस्था के अंतर्गत करीब 10000 लोगों ने इसका लाभ लिया। संकट मोचन हनुमान मंदिर कुंदन कुटी संकट मोचन हनुमान मंदिर कुंदन कुटी बाजपाई वार्ड में दोपहर में श्री हनुमान जी का महाअभिषेक करने के साथ ही हवन किया गया वह शाम को महाप्रसाद का आयोजन किया गया तथा इस दौरान संगीत में हनुमान चालीसा व भजनों का रंगारंग भक्ति में समा बना रहा। लेटे हुए हनुमान मंदिर गौतम नगर बाजपाई वार्ड श्री लेटे हुए हनुमान मंदिर गौतम नगर बाजपाई वार्ड यह एक पुरातन श्री हनुमान मंदिर है जहां पर भी जन्मोत्सव के पर्व पर श्री हनुमान जी का महाअभिषेक हवन पूजन भजन कीर्तन कर महाप्रसाद आयोजित किया गया





### सकल हिंदू समाज द्वारा भव्य श्री राम बाइक रैली का आयोजन



बुलंद गोंदिया - प्रभु श्री राम जन्मोत्सव रामनवमी के पावन पर्व के रुप में मनाया जाता है। इस वर्ष रविवार 10 अप्रैल को रामनवमी मनाई जाएंगी इसके पूर्व 9 अप्रैल शनिवार को सकल हिंदू समाज द्वारा आयोजित भव्य श्री राम बाइक रैली आयोजित की गई जिसमें बड़ी संख्या में शहर के विभिन्न हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता व शहर व समाज के युवा, बुजुर्ग, बच्चे वह महिलाएं बड़ी संख्या में शामिल हुए। उपरोक्त रैली का आयोजन शनिवार 9 अप्रैल की सुबह 10 बजे गोंदिया शहर के रामनगर स्थित ऐतिहासिक राम मंदिर से पूजन आरती अभिषेक कर जय श्री राम, जय हनुमान के जयघोष के साथ रैली निकली जो शहर के सभी क्षेत्रों का भ्रमण किया।

इस दौरान पूरा शहर जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा रैली को भव्य बनाने के लिए विभिन्न वाद्य यंत्रों डीजे धार्मिक गीतों की धुनों के साथ निकली जिसका स्वागत जगह-जगह समाजसेवी संस्थाओं द्वारा पूजा अर्चना कर रैली में शामिल दुपहिया सवारों के लिए पानी शरबत छाछ कोल्ड ड्रिंक आदि का स्टाल लगाकर रामनवमी की शुभकामनाएं दी।

सकल हिंदू समाज द्वारा आयोजित की गई रैली के संयोजक नितिन जिंदल द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि जन्मोत्सव के पूर्व मोटरसाइकिल रैली 1 दिन पूर्व इसलिए आयोजित की जाती है कि रामनवमी के दिन निकलने वाली शोभायात्रा शहर के सभी स्थानों तक नहीं पहुंच पाती लेकिन श्रीराम मोटरसाइकिल रैली के माध्यम से श्रीराम का संदेश शहर के सभी नागरिकों तक इस माध्यम से पहुंचता है साथ ही शोभायात्रा में बड़ी संख्या में नागरिक व भक्तजन शामिल हो इसका भी रैली के माध्यम से आवाहन किया जाता है जिससे शोभायात्रा की भव्यताविशाल हो तथा हिंदू समाज जागृत हो इसलिए उपरोक्त रैली का आयोजन किया जा रहा किया जाता है।

# डॉ.आंबेडकर की १३१वीं जयंती धूमधाम से मनायी

### सहयोग संगठन के कार्यक्रम का पूर्व विधायक राजेंद्र जैन के हस्ते उद्घाटन



बुलंद गोंदिया - भारत रत्न डॉ.बाबासाहेब आंबेडकर की जयंती के अवसर पर सहयोग संगठन गोंदिया द्वारा गत 22 वर्षो से भोजन दान कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत इस वर्ष श्रीनगर वार्ड में जेतवन बुद्ध विहार के समीप छाछ का वितरण तथा तहसील कार्यालय के समीप पुलाव का वितरण किया गया उपरोक्त दोनों स्थानों पर पूर्व विधायक राजेंद्र जैन द्वारा त्रिशरण पंचशीला ग्रहण कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर सहयोग संगठन के संस्थापक अध्यक्ष विनीत सहारे व वर्ष 2022 के अध्यक्ष राहुल बंसोड़मनोहर वालदे, रफिक खान, शैलेश टेम्भेकर, अरुण नांदगाये, सुधीर टेम्भूर्णे, राजपाल शहारे, शैलेंद्र बडोले, कुणाल राऊत, मोरेश्वर खोब्रागडे, राजेश रामटेके, राजू नांदगाये, शेखर नंदेश्वर, रोशन जांभुळकर, वेदांत साखरे गुरुगी, विनोद किराड, कुणाल राऊत, रमेश तनवाणी, कालिदास सूर्यवंशी, भीमराव नागभीरे, आकाश टेम्भूर्णे, मिलिन्द धमगाये, चंद्रशेखर टेम्भूर्णे, उमेश जांभुळकर, देवेंद्र जाभुळकर, शिकांत जनबंधू, नागशेन साखरे, आकाश वालदे, महेंद्र टेमभेकर, प्रशांत जांभुळकर, रमाकांत कोटांगले, देवेंद्र राऊत, नितीन बडोले, रत्नदीप बडोले, बबलू खोब्रागडे, बंटी रोकडे, राहुल वालदे, रवी कोटांगले, योगेंद्र लटारे, पवन गोटे, अनिल वेळेचा, दीपक रोहडा, शंकर पाठक, किशोर उपाध्याय, संजय सोनुने, अहमद भाई ने सहयोग किया।

### सहकारी धान मिल आमगांव



बुलंद संवाददाता आमगांव - स्थानिय सहकारी धान मिल में भारतीय सविधान के रचयिता महामानव डॉ. बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर की 131 वी. जयंती संस्था के अध्यक्ष - प्रविण (गुडडा) गहरवार की अध्यक्षता में मनायी गयी। कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रविण गहरवार ने डॉ बाबासाहेब आंबेडकर के छायाचित्र को माल्यार्पण कर अभिवादन किया गया इस अवसर पर संस्था के उपाध्यक्ष- लोकेश अग्रवाल. अध्यक्ष - पुरषोद्माम असाटी. पूर्व उपाध्यक्ष -पत्रकार इसुलाल भालेकर.संचालक -राजकुमार फुंडे.संदीप सेठीया. किर्ती बोडणे. संजय निमावत. जिला कांग्रेस के महासचिव - रामसिंह चौहान.पत्रकार सुनिल क्षिरसागर. नरेंद्र कावले. रेखलाल टेंभरे. मोनु शर्मा. रामचंद्र बहेकार, अनिल पाथोडे. सुभाष शहारे. विरेंद्र डोंगरे. विलास शहारे.आदि बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन इसुलाल भालेकर एवं आभार व्यवस्थापक सिताराम फुंडे ने माना।

### भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी कार्यालय



भारतरत्न प.पु.डॉ.बाबासाहेब आंबेडकर के 131 वी जयंती के अवसर पर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी कार्यालय में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर अभिवादन किया गया ईस अवसर पर कॉ.मिलिंद गनविर, रामचंद्र पाटील, करुणा गनविर, परेश दुरुगवार, सुरेश रंगारी, राजकुमार शर्मा, जितेंद्र तुपट, हरिचंद जगने, राजेश वैद्य आदि उपस्थित थे।

### अपार ऊर्जा के स्त्रोत है भारतरत्न डॉ.बाबासाहेब आंबेडकर के विचार - पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल



आज राज्य की आंतरिक स्थिति नियंत्रण से बाहर हो रही है दलित एवं पिछड़े वर्गों पर खुलेआम अत्याचार ने हम सभी को सोचने पर मजबूर कर दिया है, और ऐसे समय में डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की तथा उनके बनाए संविधान की प्रासंगिकता और बढ़ जाती है। डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर ऐसी परंपरा के महान ध्वजवाहक थे जिन्होंने समाज के महत्वपूर्ण विषयों पर गहन अध्ययन कर हर नागरिक को समता का दर्जा देकर देश की प्रगति में सबसे बड़ा योगदान दिया। आज किसी भी जाति धर्म का व्यक्ति हो पुरुष हो या महिला हो सभी को समान दर्जा देने के लिए डॉ.बाबासाहेब आंबेडकर जीवन भर प्रयत्नशील रहें। उनके लिखे संविधान से ही देश की प्रगति संभव हो सकी। उनके आदर्श एवं विचारों को न सिर्फ भारत देश में बल्कि पूरे विश्व में मान्यता प्राप्त हैं।

बुलंद गोंदिया - डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की 131 वी जयंती पर पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल ने गोंदिया जिला भाजपा की ओर से समस्त कार्यकर्ताओं के साथ डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर चौक स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अभिवादन किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल ने कहा कि भारत रत्न डॉ.बाबासाहेब आंबेडकर ऐसे महामानव थे जिनके नाम में अपार ऊर्जा समाई हुई थी। आज भी जितनी बार उनके नाम का जयघोष होता है कार्यकर्ताओं एवं अनुयायियों में अद्भुत प्रेरणा का संचार होने लगता है। बाबासाहेब ने देश और समाज की सीमाओं को तोड़कर पूरी मानव जाति के उत्थान के लिए प्रयत्न किए जब कोई व्यक्ति स्वयं के हितों को छोड़कर समाज देश और दुनिया के हित में कार्य करता है तो पूरी दुनिया उसे पूजती है।

ऐसे महामानव को गोंदिया जिला भाजपा की ओर से मैं कोटि-कोटि नमन करता हूं। ऐसे उद्गार डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर जयंती दिवस पर आयोजित जयंती उत्सव कार्यक्रम में पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल ने व्यक्त किये। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता व पदाधिकारी व अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

### कामठा में १८ को भव्य प्रबोधन कार्यक्रम का आयोजन

#### विधायक विनोद अग्रवाल के हस्ते उद्घाटन

बुलंद संवाददाता खातिया - गोंदिया भारतीय बौद्ध महासभा तहसील शाखा, सर्कल शाखा कामठा व ग्राम शाखा कामठा के संयुक्त तत्वावधान विश्वरत्न बोधिसत्व परम पूज्य डॉक्टर बाबासाहेब आंबेडकर की 131 वी जयंती के अवसर पर दिनांक 18 अप्रैल सोमवार को जयंती महोत्सव पर्व का आयोजन कामठा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने किया गया है इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय बौद्ध महासभा तहसील शाखा अध्यक्ष एन. एल. मेश्राम करेंगे कार्यक्रम के उद्घाटन के रुप में गोंदिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक विनोद अग्रवाल के हंस्ते किया जाएगा इस अवसर पर मार्गदर्शक के रुप में विधायक मोरगाव अर्जुनी मनोहर चंद्रिकापुरे, पूर्व विधायक तिरोड़ा दिलीप भाऊ बन्सोड, आयकर सह आयुक्त धनंजय वंजारी दीप प्रज्वलख के रुप में महेंद्र मडामे, विशेष अतिथि के रुप में भारतीय बौद्ध महासभा जिला अध्यक्ष देवाराम मेश्राम, जी. प. सदस्य रितेश मलघाम, वैशाली पंधरे, पूर्व जिप सदस्य विजय लोनारे, कुंदन कटारे, पूर्व प.स. सभापति माधुरी अंकेश हरिनखेडे, कामठा धान गिरनी अध्यक्ष टीकाराम भाजीपाले, उपाध्यक्ष मनोज दहिकर, सरपंच कामठा अनीता सिंहमारे, उपसरपंच प्रकाश सेवतकर, सरपंच खातिया सेवंता केशोराव तावाडे, सरपंच बिरसी हिंदू राकेश वंजारी, सामाजिक कार्यकर्ता लखन हरिणखेडे, सरपंच परसवाड़ा रेखा जगदीश पारधी आदि इस अवसर पर प्रमुखता से उपस्थित रहेंगे सुबह 10 बजे से कामठा स्थित बुद्ध विहार से धम्मरेली का आयोजन 2 बजे तक किया गया है उसके पश्चात दोपहर 2 बजे से जयंती महोत्सव पर्व कार्यक्रम 7 बजे तक चलेगा उसके पश्चात रात्रि 7 बजे से प्रबोधनकार भगवान गावंडे का विशेष भव्य प्रबोधनात्मक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा भारतीय बौद्ध महासभा तहसील शाखा सर्कल कामठा ग्राम शाखा कामठा की आयोजक समिति के माध्यम से इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर प्रबोधन कार्यक्रम उत्साह बढ़ाने की अपील ग्राम शाखा आयोजक समिति अध्यक्ष आशा डोंगरे, उपाध्यक्ष महेंद्र गजभिए, सचिव जितेंद्र रामटेके, कोषाध्यक्ष विक्की सावनकर, सदस्य कमलेश रामटेके आकाश गजभिए, विजय गजभिए, अमित गजभिए आदि सभी ग्राम शाखा के सदस्यों ने की है।

# संपादकिय

## आस्था बनाम अराजकता

पिछले कुछ समय से धर्म और आस्था से जुड़े कार्यक्रमों की प्रकृति में जिस तरह के बदलाव देखे जा रहे हैं, वे बेहद चिंताजनक और दुखद हैं।

आमतौर पर यही माना जाता है कि पर्व-त्योहार या धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन समाज में सौहार्द की भावना को मजबूत करने के मौके होते हैं। ऐसे आयोजनों में शामिल लोग आपसी कड़वाहटों को भी भूल कर इंसानियत के रिश्तों को आगे बढ़ाते हैं। यों भी हर धर्म का मूल तत्त्व मानवीय मूल्यों का प्रसार करना है और यह सुनिश्चित करना हर धार्मिक आस्था से जुड़े व्यक्ति की जिम्मेदारी भी है।

लेकिन पिछले कुछ समय से धर्म और आस्था से जुड़े कार्यक्रमों की प्रकृति में जिस तरह के बदलाव देखे जा रहे हैं, वे बेहद चिंताजनक और दुखद हैं। हालत यह है कि देश की राजधानी होने के बावजूद दिल्ली भी ऐसे विवादों और हिंसा से मुक्त नहीं रह पा रही है। इस साल रामनवमी के बाद हनुमान जयंती पर निकाली गई शोभायात्रा के दौरान जैसे दृश्य में देखने में आए और उसके बाद जिस तरह की हिंसक घटनाएं हुई, उनसे जाहिर है कि सद्भाव के मौके अब अलग-अलग धार्मिक समूहों के बीच तनाव और टकराव तक में बदल रहे हैं। सवाल है कि दुनिया में किस धर्म के मूल्य इंसानियत के विरुद्ध प्रतिद्वंद्विता और हिंसा का पाठ पढ़ाते हैं?

गौरतलब है कि दिल्ली के जहांगीरपुरी इलाके में शनिवार को निकाले गए रामनवमी के जुलूस में दो समुदायों के बीच हिंसक टकराव हो गया। पुलिस ने हस्तक्षेप करके हालात को संभालने की कोशिश की। लेकिन इस बीच सामने आई घटनाओं ने किसी भी संवेदनशील और जिम्मेदार नागरिक को यह सोचने के लिए मजबूर किया कि आस्था और पर्व के आयोजन में नाहक प्रतिद्वंद्विता के लिए कितनी जगह होनी चाहिए और अगर ऐसा होता है तो अन्य पक्षों को ऐसे कितने संयम और समझदारी से काम लेना चाहिए! विडंबना यह है कि जहांगीरपुरी में जो हुआ, उसमें अमूमन सभी पक्षों ने गैरजिम्मेदारी, लापरवाही और उतावलेपन का प्रदर्शन किया।

नतीजतन, जुलूस पर पथराव और फिर हिंसा की घटनाओं ने आस्था प्रदर्शन के एक मौके को दुखद स्वरुप दे दिया। सवाल है कि हनुमान जयंती पर निकाले गए जुलूस के आयोजकों को यह ध्यान रखने की जरुरत क्यों नहीं महसूस हुई कि अगर यात्रा में शामिल लोग हथियार प्रदर्शन या किसी स्तर पर कानून की कसौटियों का उल्लंघन कर रहे हैं और उससे उकसावे या उत्तेजना जैसी स्थिति बन रही है तो उसे संभाला जाए फिर दूसरे पक्ष को अगर जुलूस की कोई गतिविधि आपत्तिजनक लगी, तो उस पर खुद कोई अराजक प्रतिक्रिया करने के बजाय उन्होंने पुलिस की मदद लेने की जरुरत क्यों नहीं समझी!

इसके अलावा शोभायात्रा में शामिल लोगों की गतिविधियां आदि देखने के बावजूद पुलिस ने उचित कदम क्यों नहीं उठाए? अब पुलिस की ओर से कहा गया कि उस जुलूस के लिए कोई अनुमति नहीं ली गई थी। हैरानी की बात है कि किसी छोटी घटना पर भी तत्काल प्रतिक्रिया कर हालात संभालने की क्षमता रखने का दावा करने वाली पुलिस की इजाजत के बिना सरेआम ऐसी शोभायात्रा का आयोजन कैसे संभव हो गया? अगर ऐसा था तो पुलिस ने हिंसक माहौल पैदा होने के पहले उसे रोकने की कोशिश क्यों नहीं की? जब देश में सबसे सुरक्षित माने जाने वाले इलाके के रुप में राजधानी दिल्ली में अराजकता और हिंसा का माहौल बनाने में कुछ लोगों को कामयाबी मिल जाती है तो इसे कैसे देखा जाना चाहिए? यह ध्यान रखने की जरुरत है कि दिल्ली अभी दो साल पहले हुए दंगों का दर्द नहीं भूल सकी है। धार्मिक सद्भाव और सहिष्णुता इस देश की असली ताकत और पहचान रही है। इसे नुकसान पहुंचाने की हर कोशिश को नाकाम किया जाना चाहिए।

# महंगाई का रुख

पिछले एक साल से महंगाई की दर चौदह फीसद से ट्टपर ही बनी हुई है।

खुदरा महंगाई के बाद अब थोक महंगाई में बढ़ोतरी ने सरकार के माथे पर चिंता की लकीर गहरी कर दी है। ताजा आंकड़ों के मुताबिक थोक महंगाई 14.55 फीसद पर पहुंच गई है। यह दर चार महीने के सबसे ट्टंचे स्तर पर बताई जा रही है। पिछले एक साल से महंगाई की दर चौदह फीसद से ट्टपर ही बनी हुई है। कुछ क्षेत्रों में जरुर कभी-कभी थोड़ी कमी दर्ज हुई, पर सकल थोक महंगाई दर चौदह फीसद से ऊपर ही रही।


इसकी वजह कच्चे तेल और जिंसों की कीमतों में हुई बढ़ोतरी बताई जा रही है। पहले ही लोग पेट्रोल-डीजल-घरेलू गैस और रोजमर्रा के इस्तेमाल की उपभोक्ता वस्तुओं, सब्जी, खाद्य तेल, दूध आदि की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी से परेशान हैं। कयास लगाया जा रहा है कि इस पर काबू पाने के लिए रिजर्व बैंक ब्याज दरों में बदलाव कर सकता है। मौद्रिक नीति की समीक्षा से पहले ही स्टेट बैंक और एक्सिस बैंक ने अपनी ब्याज दरों में क्रमश: दस और पांच आधार अंकों की बढ़ोतरी कर दी है। यानी जिन लोगों ने आवास, वाहन, कारोबार आदि के लिए इन बैंकों से कर्ज लिया है, उन्हें अब कुछ अधिक किस्त चुकानी पड़ेगी। इस तरह महंगाई की मार लोगों पर कई तरफ से पड़ रही है।

इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि रुस और यूक्रेन युद्ध के चलते कच्चे तेल के दामों पर असर पड़ा है। मगर भारत में बढ़ रही महंगाई के संदर्भ में इसे पूरी तरह जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। रुस से कच्चे तेल का आयात दूसरे देशों की तुलना में काफी कम होता है। फिर जब यह युद्ध नहीं चल रहा था, तब भी तेल की कीमतें सौ रुपए से ऊपर पहुंच गई थीं। अगर केंद्र ने पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के मद्देनजर इनके उत्पाद शुल्क में कटौती न की होती और करीब तीन महीने तक इनकी कीमतें बढ़ने से रोक न रखी होती, तो आज स्थिति शायद और खराब होती।

इसके अलावा, देश के खाद्यान्न उत्पादन में लगातार बढ़ोतरी हुई है। सब्जियों और फलों के उत्पादन में भी कोई कमी दर्ज नहीं हुई है। फिर भी अगर इनकी कीमतें नीचे आने के बजाय ऊपर का ही रुख किए हुई हैं, तो इसकी बड़ी वजह ईंधन की बढ़ी कीमतें हैं। तेल के दाम बढ़ने से ढुलाई पर खर्च बढ़ गया है, जिससे खेत या फिर कारखाने से दुकान तक पहुंचने में वस्तुओं की कीमतें खासी बढ़ जाती हैं।

हालांकि महंगाई पर काबू पाने के मकसद से रिजर्व बैंक लगातार ब्याज दरों में परिवर्तन कर बाजार में पूंजी का प्रवाह बढ़ाने का प्रयास करता रहा। मगर उसका भी बहुत असर नहीं पड़ा। पिछले कुछ समय से उसने ब्याज दरों को लगभग स्थिर रखा है। फिर भी इसका महंगाई रोकने में कोई उल्लेखनीय प्रभाव नजर नहीं आ रहा, तो इसकी बड़ी वजह लोगों की कमाई घटना है। बहुत लोगों का रोजगार छिन गया है।

देश की आधे से अधिक आबादी मुयत के सरकारी राशन पर निर्भर है।




रोजी-रोजगार के नए अवसर पैदा नहीं हो रहे। ऐसे में जब लोगों की क्रय शक्ति घट गई है, तो बाजार में पूंजी का प्रवाह बढ़ेगा भी तो कैसे। महंगाई पर अगर काबू पाना है, तो लोगों की आय बढ़ाने संबंधी प्रयास जरुरी हैं। फिलहाल तेल पर उत्पाद शुल्क घटा कर भी कुछ हद तक इसे नियंत्रित किया जा सकता है।

# कोरोना मौतें : पारदर्शिता जरुरी है

भारत में कोरोना से हुई मौतों की संख्या को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के ताजा अनुमान ने आधार पर बनी यह रिपोर्ट से खुलासा हुआ है हालांकि अभी आधिकारिक तौर पर यह रिपोर्ट जारी नहीं की गई है, लेकिन अमेरिकी अखबार में इसका कुछ हिस्सा प्रकाशित होने से मामला गरमा गया है।

भारत में कोरोना से हुई मौतों की संख्या को लेकर विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के ताजा अनुमान ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। वैसे डब्ल्यूएचओ की तरफ से अभी आधिकारिक तौर पर यह रिपोर्ट जारी नहीं की गई है, लेकिन एक अमेरिकी अखबार में इसका कुछ हिस्सा प्रकाशित होने से मामला गरमा गया है। कांग्रेस ने इसी रिपोर्ट को आधार बनाते हुए सरकार पर मौत के आंकड़े छुपाने का आरोप जड़ने में देर नहीं लगाई। हालांकि भारत सरकार की ओर से जताई गई आपत्तियों पर गौर करें तो लगता है कि इस रिपोर्ट से जुड़े कई पहलुओं पर रोशनी पड़नी बाकी है और डब्ल्यूएचओ को अभी कई महत्वपूर्ण सवालों के जवाब देने हैं। मिसाल के लिए, पहला सवाल तो यही है कि भारत जैसे विशाल भौगोलिक क्षेत्र और बड़ी आबादी वाले देश पर ठीक वही मानदंड कैसे लागू किए जा सकते हैं, जो ट्यूनीशिया जैसे कम क्षेत्रफल और छोटी आबादी वाले देश पर लागू किए गए हों। क्या समान मानदंडों के आधार पर निकाले गए निष्कर्षों के सरलीकृत होने की आशंका को पूरी तरह खारिज किया जा सकता है? दूसरा सवाल आंकड़ों की प्रामाणिकता से जुड़ा है। डब्ल्यूएचओ की इस रिपोर्ट में टियर वन देशों के मामले में वहां की सरकारों द्वारा दिए गए आधिकारिक आंकड़ों को आधार बनाया गया है, जबकि भारत के 18 राज्यों में गैरसरकारी आंकड़ों को लिया गया है। आखिर इस तरह का दोहरा रवैया अपनाने की जरुरत क्या थी? ऐसा भी नहीं है कि भारत सरकार ने ये सवाल रिपोर्ट लीक होने के बाद उठाए हैं।

डब्ल्यूएचओ अधिकारियों को पत्रों के जरिए और वर्चुअल बैठकों के दौरान भी सरकार अपने पक्ष से अवगत कराती रही है। और अगर बात अमेरिकी अखबार में प्रकाशित रिपोर्ट की हो तो भी यह सवाल तो अपनी जगह है ही कि अखबार को डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट के भारत से जुड़े आंकड़े मिल गए तो टियर वन देशों में कोरोना से हुई अतिरिक्त मौत से जुड़े अनुमान उसकी पहुंच से बाहर क्यों रह गए। इन सबके बावजूद भारत डब्ल्यूएचओ रिपोर्ट के निष्कर्षों पर एतराज नहीं कर रहा है। कोरोना महामारी का स्वरुप और उसकी तीव्रता ऐसी थी कि उसके प्रभावों को ठीक-ठीक नापने में सरकारी स्वास्थ्य तंत्र से चूक होना स्वाभाविक है। लेकिन जब बात इन चूकों को देखने, समझने और आंकने की हो तो कम से कम वहां किसी तरह की लापरवाही या पूर्वाग्रह के लिए कोई गुंजाइश नहीं छोड़ी जानी चाहिए। चूंकि उस आकलन में किसी भी देश के स्वास्थ्य तंत्र के लिए भविष्य के सबक निहित हैं, इसलिए उसका पूरी तरह से विश्वसनीय और पारदर्शी होना आवश्यक है। इसी बिंदु पर विपक्षी दलों से भी थोड़े संयम और समझदारी की उम्मीद की जाती है।



भारत सरकार के अपारंपरिक ऊर्जा विभाग के सोलर एनर्जी कारपोरेशन ऑफ़ इंडिया एसईसीआई इस केंद्रीय पब्लिक सेक्टर कंपनी में अशासकीय संचालक पद पर राज्य के पूर्व सामाजिक न्याय मंत्री राजकुमार बडोले की नियुक्ति की गई है। उन्होंने अपनी इस नियुक्ति का श्रेय राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी व भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रकांत पाटील को दिया है।




इस धरती पर प्रकृति हमेशा अपने मौसम परिवर्तन करती रहती है जिसके कारण इस धरती पर गर्मी, जाड़ा और बरसात जैसे विभिन्न मौसम देखने को मिलते है और आज हम आपको यहाँ गर्मी से बचने के घरेलु उपाय के बारे में बताएँगे। तो आइये जाने गर्मी से बचने के उपाय, तरीके व घरेलु नुस्खे -

गर्मी ने दस्तक दे दिया है, और अब तक तो इसने अपना रंग दिखाना भी शुरु कर दिया ह। गर्मी का मौसम यानि पसीना, आलस, दिनभर सुस्ती, खाने पीने का दिल न करना और पानी से खास लगाव। इतनी तेज धूप हो रही हैं कि आप को यह अंदाजा भी हो गया होगा कि इस बार की गर्मी को झेलना आसान नहीं होगा। और सब यही दुआ करते है की जल्दी से ये मौसम खत्म हो जाए। गर्मी के बढ़ते तापमान को देखकर सभी के मन में यही सवाल है की गर्मी से कैसे बचे तेज गर्मी / धुप से बचने के लिए जितना हो सके गर्मी में शरीर को ठंडा रखे और यहां पर गर्मी से बचने के लिए देशी व घरेलू उपाय बताये गए है। इन गर्मी से बचने के उपाय से आप बड़ी आसानी से घर बैठे ही तेज धूप, गर्म हवा और गर्मी के प्रकोप से बच सकते हैं।

जब गर्मी / धुप अपनी चरम अवस्था पर हो तो प्रकृति में मौजूद इन्सान, जानवर, पशु-पक्षी सबको कठिनाई झेलना पड़ता है। गर्मी से शरीर को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचता है और बढ़ती गर्मी के कारण त्वचा से लेकर शरीर के अंदर तक कई तरह की समस्याएं होती है। इसलिए जितना हो सके गर्मी से बचने की कोशिश करनी चाहिए और गर्मी से बचने के लिए घरेलू उपाय व तरीकों का इस्तेमाल करना चाहिए।

<u>गर्मी में पिम्पल से बचने के उपाय</u>

- ग्लाइसेमिक वाले खाने जैसे डोनट्स, गेहूं की रोटी, सोडा और पके या तले हुए आलू. मीठे तथा स्टार्च से परहेज करें।
- शारीरिक और मानसिक तनाव भी मुंहासों का कारण हो सकता है, इसलिए जितना संभव हो, तनाव से बचने का प्रयास करें।
- गलत ब्यूटी प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करने से बचे।
- टीस्यु पेपर या किसी साफ कपडे/रुमाल से पसीना पोछें।
- चेहरे को साफ रखे और घर से बाहर जाने पर चेहर को ढक कर निकले।
- अपने भोजन में फलों व सब्ज़ियों का ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल करे।
- ज्यादा से ज्यादा पानी पीएं।
- आरामदायक कपड़े पहनें।
- व्यायाम के बाद शरीर साफ रखें।

<u>गर्मी में घमोरियो से बचने के उपाय</u>

- मुलतानी मिट्टी को पानी में गलाकर लेप तैयार करें और इसे घमौरियों पर लगाएं।
- नीम की पत्तियों को पीसकर बनाए गए लेप को घमौरियों पर लगाए।
- घमौरियों वाली जगह पर बर्फ को एक कपड़े में लपेटकर मसाज करें। इससे त्वचा पर ठंडक मिलेगी और गर्मी कम होने से खुद ब खुद घमौरियां कम होने लगेंगी।
- ऐलोवेरा का गूदा निकालकर घमौरियों वाली लगह पर लगाएं और सूखने के बाद इसे धो लें। यह आपकी त्वचा को ठंडक देने के साथ ही कंडिशनिंग भी करेगा और घमौरियां भी गायब हो जाएंगी।
- चंदन का लेप बनाकर घमौरियों वाली जगह पर लगाएं यह एक बेहतरीन विकल्प है, जो घमौरियों को दूर कर त्वचा को भी खूबसूरत बनाता है।

<u>प्रेगनेंसी में गर्मी से बचने के उपाय</u>

- कमरे को ठंडा रखें और गर्म जगह जाने से बचें। रात को खिड़की खुली रखकर सोएं।
- हॉट फ्लैशेज में आप ठंडा पानी भी पी सकती हैं। शरीर के जिन हिस्सों पर ज्यादा गर्मी लग रही है, वहां ठंडे पानी में कपड़े को भिगोकर लगाएं।
- एक्यूपंक्चर से एंडोर्फिन के उत्पादन को बढ़ाने में मदद मिलती है। ये हार्मोन शरीर के तापमान को नियंत्रित रखता है।
- कई बार स्ट्रेस की वजह से भी गर्मी लग जाती है। ऐसे में योग आपकी मदद कर सकता है।
- कैफीन का सेवन कम करें और ढीले कपड़े पहनें।

<u>छोटे बच्चो / बेबी को गर्मी से कैसे बचाए</u>

- बेबी को थोड़े-थोड़े समय बाद दूध व पानी पिलाते रहें।
- शिशु के लिए ऐसे कपड़े चुने जो उसे गर्मियों में आरामदायक रखने में मदद कर सकते हैं।
- गर्मी के मौसम में बेबी को नहलाना जरुरी है।
- जब आप शिशु को धूप में बहार ले जाएं तो हल्के कपड़े चुनें।
- धूप में बाहर निकलते समय शिशु के लिए लंबी बाजू के हल्के कपड़े चुनें।
- शिशु को धूप से बचाने के लिए टोपी या हैट पहना सकते हैं।

<u>मुर्गियों को गर्मी से बचाने के उपाय</u>

- मुर्गीफार्म में छोटे पेड़ जैसे शहतूत, मौसमी, अमरुद आदि छाया के लिए लगाने चाहिए।
- अगर किसी मुर्गी में गर्मी लगने के लक्षण दिखाई दें, तो उसे धीरे से उठा कर पानी से एक डुबकी देकर छांव में रख दें और एलेक्ट्रल एनर्जी दें।
- चूज़ों के फार्म पर पहुँचते ही एलेक्ट्रल एनर्जी वाला पानी पिलायें।
- दिन के समय ब्रुडिंग ना करें।
- मुर्गी के शेड को हवादार बनायें रखें। पर्दो को दिन-रात दोनों समय खुला रखें।
- गर्मी से होने वाले स्ट्रेस को कम करने के लिए एमिनो पावर पानी में दें।
- मुर्गियों की छत का गर्मी से बचाने के लिए छत पर घास व पुआल आदि को डाल सकते हैं।

<u>गाय भैंस बकरी भेड़ को गर्मी से बचाने के उपाय</u>

इन्सान हो या जानवर, गर्मी सभी को लगती है। इन बेजुबान पशु पक्षीयो को गर्मी से बचाने के लिए कुछ उपाय यहाँ बता रहे है।

- पशुओं को सूर्य की सीधी किरणों से बचाएं।
- छायादार स्थान पर बांधे।
- दिन में 2 से 3 बार नहलाना।
- भैंसों को तालाब में रखना।
- आहार में समुचित प्रोटीन, ऊर्जा खनिज तत्वा तथा विटामिन दे।
- उत्तम गुणवत्ता का हरा चारा दिन में कई बार थोड़ा-थोड़ा कर के दे।
- चारा डालने के स्थान को रोजाना साफ करे।
- स्वच्छ तथा ठंडा पीने का पानी 24 घंटे पशु को पास उपलब्ध रखना चाहिए।

गर्मी बढने का मुख्य कारण सूर्य की तेज किरणों की उष्णता का बढने से माना जाता है यानी सूर्य जितना अधिक प्रखर होगा गर्मी उतनी ही अधिक बढ़ेगी। फिर हमे गर्मी के मौसम में उतना ही अधिक परेशानी का सामना भी करना पड़ेगा। ऐसे में हमे गर्मी से बचने के उपाय गर्मी से बचने के घरेलु उपाय करने बेहद जरुरी है।

- धूप में निकलते वक्त सुरक्षा का पूरा ध्यान रखें। अगर बाहर जाना जरुरी हो तो शरीर को पूरी तरह से ढंककर, कच्चा प्याज साथ में रखकर ही बाहर निकलें। और कैप, सनग्लास और सनस्क्रीन का इस्तेमाल जरुर करें।
- धुप में जाने से पहले कुछ समय पहले ही एसी या कुलर वाले स्थान को छोड़ दे।
- गर्मी से बचने के लिए गर्मियों के मौसम के फल जैसे खीरा, तरबूज, खरबूज, ककड़ी आदि मौसमी फल का सेवन करना चाहिए।
- दूध, दही से बने लस्सी, छास, निम्बू, गन्ने का रस खूब पिये।
- घर से बाहर निकलते समय सिर पर गमछा, टोपी, रुमाल या छाता से खुद का धुप से बचाव करे।
- अगर आप गर्मी में दोपहिया वाहन कर सफर कर रहे है तो सर को रुमाल से बाधकर हेलमेट पहने।
- गर्मी से बचने के लिए प्याज, लहसुन का ज्यादा से ज्यादा सेवन करना चाहिए।
- गर्मियों के मौसम में मच्छर भी बहुत अधिक उत्पन्न हो जाते है इसलिए गर्मी की रातो में हो सके तो हमे मच्छरदानी भी जरुर उपयोग करे।
- गर्मी के दिनों में पुदीना, आम का रस, गन्ना, नीबू जीरा काला नमक का शर्बत पीना बहुत फायदेमंद होता है।
- गर्मियों में तेज धुप से आकर तुरंत कभी भी नहाना भी नही चाहिए।
- हल्का, ताजा और जल्दी पचने वाला भोजन जैसे - तरबूज, आम, संतरा, अंगूर, खरबूज आदि करें।
- गर्मियों में नींद पर्याप्त मात्रा में और गहरी नहीं होती, इससे थकान बनी रहती है। जो अनावश्यक चिड़चिड़ाहट को जन्म देती है। इसलिए जब भी आराम की जरुरत महसूस हो, सब काम छोड़कर आराम करें।
- सुबह जल्दी उठकर एवं शाम को टहलते हुए आप प्रकृति की ठंडक को महसूस कीजिए। पौधों को पानी पिलाएं, हरी घास पर नंगे पैर चलें, रंग-बिरंगे फूलों को निहारें, शुद्ध और खुली हवा में गहरी सांस लें। इसके अलावा गर्मी में प्राकृतिक स्थानों पर घूमने जाएं।
- जब भी गर्मी में कहीं बाहर जाएं ठंडा पेय पीकर निकलें। घर आने के बाद अपने चेहरे को ठंडे पानी से धोएं या फिर त्वचा पर बर्फ की मसाज करें।
- गर्मी से सबसे ज्यादा हमारे शरीर के तापमान पर असर दिखाई देता है। जिससे हमारे शरीर से पानी के बहुत अधिक पसीना निकलता है। जिसकी अनुपात बनाये रखने के लिए प्रतिदिन कम से कम 7 से 8 लिटर पानी पीना चाहिए।
- कभी भी घर से निकलते समय पानी अच्छा रहता है। लेकिन खूब धुप और गर्मी में बाहर से आकर तुरंत पानी पीने से बचना चाहिए।
- गर्मियों में गाढे रंगीन मोटे कपड़ो की अपेक्षा हल्के और सफेद कपडे पहनने चाहिए। क्यूकी गाढे रंग के कपड़े उर्जा के अवशोषक होते है जो अधिक और जल्दी गर्म हो जाते है।
- गर्मियों में ज्यादा तेल मसाले वाले भोजन नहीं करने चाहिए।

# साप्ताहिक राशिफल

मेष : इस सप्ताह आपके पढ़ाई में दूसरों से आगे निकलने के योग बन रहे हैं। किसी पारिवारिक स्थिति में एक बुजुर्ग को अपने साथ रखना आपके लिए महत्वपूर्ण रहेगा। प्रेम संबंधों के लिए यह सप्ताह रोमांचभरा रहेगा। घर के इंटीरियर में की गई नई सजावट एक स्वागत योग्य परिवर्तन होगा। किसी चीज के आयोजन के लिए हर तरह से प्रयास करने की आपकी सभी प्रशंसा करेंगे। किसी ऑफिशियल यात्रा पर जाना फायदेमंद साबित होगा।

वृषभ : प्रोफेशनल इंस्टीट्यूट में पढ़ रहे छात्रें को जॉब के अच्छे ऑफर मिलने की संभावनाएं हैं। शेयर मार्केट से जुड़े लोग ज्यादा लालच दिखाने से बचें, वरना वित्तीय मोर्चे पर आप खुद को मुसीबत में पा सकते हैं। रोमांस के योग बन रहे हैं। प्रेम की तलाश कर रहे लोगों को भाग्य का साथ मिलेगा। आपके द्वारा दिखाए गए व्यक्तित्व के चलते कोई आपसे मदद मांगने से हिचकिचा सकता है। कार्यक्षेत्र पर आपको सौंपा गया कोई काम सुचारु रुप से आगे बढ़ेगा।

मिथुन : किसी प्रॉपर्टी से लाभ की उम्मीद की जा सकती है। इस सप्ताह अपने खर्चों को कम करने की कोशिश करें और बचत पर ध्यान दें। ऐसे लोगों के संपर्क में रहने की कोशिश करें, जो आपके लिए काफी मायने रखते हैं, आपको भविष्य में उनकी जरुरत हो सकती है। किसी के प्रति आपकी चिंता को देखकर दूसरों को अच्छा महसूस होगा। करियर को लेकर समय अच्छा चल रहा है।

कर्क : परिवार में किसी समारोह का आयोजन कर सकते हैं, जहां सबसे मिलना मजेदार साबित होगा। प्रेम संबंधों को लेकर समय अनुकूल चल रहा है। कहीं छुट्टियों पर जाकर आनंद उठाने के योग बन रहे हैं। कोई व्यक्ति जो आपकी काबिलियत पर हमला कर रहा है, उससे लड़ने के लिए आपको बुद्धिमानी से काम लेने की आवश्यकता हो सकती है। प्राथमिकता के आधार पर कामों को सफलतापूर्वक पूरा कर पाएंगे।

सिंह : कार्यक्षेत्र पर आप अपनी गति बढ़ाने और समय सीमा के अंदर किसी काम को पूरा करने में सफल होंगे। किसी के साथ अपनी निजी आर्थिक जानकारी बिलकुल शेयर न करें। व्यस्तता के चलते इस सप्ताह प्रेम संबंधों को समय देना मुश्किल हो सकता है। इस सप्ताह धार्मिक संस्कारों के बढ़ते आपके रुझान के कारण आपके आध्यात्मिक रुप से आगे बढ़ने की संभावना है। आपके द्वारा की गई कोई शुरुआत आपके पक्ष में काम करेगी।

कन्या : इस सप्ताह आर्थिक स्थिति मजबूत होने के चलते खुलकर खर्च कर पाने में समर्थ होंगे। अपने फिटनेस रुटीन में किया गया बदलाव आपके लिए लाभदायक साबित होगा। किसी प्रॉपर्टी को खरीदने या देखने के लिए समय अनुकूल चल रहा है। प्रेम संबंधों को लेकर यह सप्ताह संतोषजनक रहेगा। अपने विचारों को लागू करना सबसे संतोषजनक साबित होगा। शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए आने वाला समय अच्छा साबित होगा।

तुला : इस सप्ताह सामाजिक मोर्चे पर आपकी लोकप्रियता में वृद्धि होगी। यह सप्ताह धन के लिहाज से आपके लिए काफी लाभप्रद साबित होगा। कई स्रोत्रें से धनलाभ के योग बन रहे हैं। प्रेम संबंधों के लिए समय रोमांचक रहेगा। इस सप्ताह कुछ अनसुलझी चीजें सुलझ सकती हैं। वर्तमान में आप अपने काम का पूरी क्षमता के साथ निर्वहन करने में कामयाब होंगे।

वृश्चिक : आपके द्वारा की गई डोनेशन और चौरिटी के चलते आपकी लोकप्रियता में भारी इजाफा होगा। कहीं घूमने जाने या स्थान परिवर्तन करने से अच्छा महसूस होगा। इस सप्ताह आप नए ग्राहकों को आकर्षित कर कार्यक्षेत्र पर खुद को मजबूती से स्थापित करने में सफल होंगे। किसी कठिन परीक्षा या प्रतियोगिता में सफलता प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

धनु : अच्छी आय के संकेत मिल रहे हैं। समान विचारधारा वाले लोगों के साथ यात्रा करना मजेदार साबित होगा। आपकी किसी प्रॉपर्टी या घर का कोई काम शुरु कराने के योग बन रहे हैं। सेहत को लेकर ये सप्ताह संतोषजनक रहेगा। इस सप्ताह आप कार्यक्षेत्र पर काम की गति को बढ़ाने का प्रबंध करने में सफल होंगे। मैन्युफैक्चरर्स के लिए समय अनुकूल चल रहा है। किसी बड़े ऑर्डर के मिलने की संभावना है।

मकर : आर्थिक रुप से आपकी स्थिति मजबूत रहेगी और आपको धन कमाने के सुनहरे अवसर प्राप्त होंगे। किसी समारोह या पार्टी में जाने का निमंत्रण मिल सकता है। प्रेम संबंधों में भाग्य का साथ मिलेगा। किसी के द्वारा दिए गए रेड कार्पेट ट्रीटमेंट से आप काफी प्रभावित होंगे। किसी बीमारी से प्रभावित चल रहे लोग उसे नियंत्रित करने में सफल होंगे। कार्यक्षेत्र पर चीजें आपके पक्ष में आनी शुरु होंगी, विशेष रुप से नई शुरुआत करने वालो की।

कुंभ : अपने साथी के साथ अपने रिश्तों को मजबूत बनाने के लिए संबंधों पर ध्यान देने की जरुरत है। सेहत से जुड़ी समस्या नहीं होगी। कार्यक्षेत्र पर आप अधिक से अधिक काम लेने की कोशिश कर रहे हैं जिसे संभालना आपके लिए मुश्किल हो सकता है, इसलिए उतना ही काम लें जितना कि आप संभाल सकें। पढ़ाई में आपकी मेहनत के सफल परिणाम मिलने की संभावना है।

मीन : धैर्य रखते हुए मेहनत करते रहें, सफलता जरुर मिलेगी। आपके रोमांटिक प्रयासों की जल्द ही सकारात्मक प्रतिक्रिया मिलने की संभावना है, इसलिए जीवन में रोमांस के लिए तैयार रहें। अकेले यात्रा करने से अच्छा किसी के साथ यात्रा पर जाने की योजना बनाना सही निर्णय होगा। घर के कामों में किसी की मदद लेने का प्रबंध करने में कामयाब होंगे।

# श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण ही पुण्य कर्म पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल



बुलंद गोंदिया - चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर ग्राम बिरसी कामठा में विदिशा मध्य प्रदेश से पधारी साध्वी बाल संत कुमारी प्रियंका किशोरी जी की ओजस्वी मधुर वाणी में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह में पूर्व विधायक गोपाल दास अग्रवाल ने श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण किया तथा व्यासपीठ का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल ने कहा कि वर्तमान के कलयुग में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के श्रवण मात्र से ही मानव को सभी पापों से मुक्ति मिलती है। और सत्कर्म की ओर आगे अग्रसर होता है भारतवर्ष संतों की भूमि रही है और इस भूमि पर हजारों वर्षो से अनेक संत महात्माओं ने परमात्मा के प्रति नागरिकों में भक्ति भाव को जागृत रखने का कार्य किया है। हमारी भारतीय संस्कृति में सर्वाधिक महत्व श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का माना गया है वह इसे परमात्मा से मिलने वह जीवन को कृतज्ञ करने का सरल सुगम मार्ग समझा जाता है। ग्राम बिरसी में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का संगीतमय आयोजन कर आयोजकों ने क्षेत्र के नागरिकों को सद मार्ग पर ले जाने का प्रयास किया है। उसके लिए मैं साधुवाद देना चाहता हूं मैंने भी प्रयत्न कर अनेक संतों को गोंदिया में आमंत्रित किया जिससे क्षेत्र की जनता को ऐसे संतों की वाणी का लाभ प्राप्त हुआ है। निकट भविष्य में गोंदिया में राष्ट्रीय स्तर के बड़े संत को आमंत्रित कर रामकथा का भव्य आयोजन का मेरा लक्ष्य है और निश्चित रुप से परमेश्वर के आशीर्वाद और सभी के सहयोग से हम इसे सफलतापूर्वक कर पाएंगे तथा आयोजन में व्यास पीठ पर विदिशा से पधारी कथा वाचिका बाल संत कुमारी प्रियंका किशोरी जी के दर्शन कर पूर्व विधायक गोपाल दास अग्रवाल ने उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रमुख रुप से बिरसी सरपंच इंदु बंजारी, उपसरपंच नरेंद्रसिंह पंडेले, जिप सदस्य रितेश मालगांम, कलाबाई भंडारकर, संतोष हनवते, गोपाल बाबा खरखाटे, विजय लोणारे, सावलराम माहारवाड़े, टीकाराम भाजीपाले, देवेश मिश्रा, ललित राऊत कल्याणी मेश्राम आदि उपस्थित थे।

# अक्षय तृतीया भगवान परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर होंगा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

## समाज की प्रतिभाओं का सम्मान करेगा समग्र ब्राम्हण समाज

बुलंद गोंदिया - भगवान परशुराम जन्मोत्सव 3 मई अक्षय तृतीया के अवसर पर भव्य रुप से आयोजन किया जाएगा। जिसमें वाहन रैली, शोभायात्रा व भगवान परशुराम का अभिषेक पूजन होगा। इसके साथ ही ब्राम्हण समाज की विभिन्न प्रतिभाओं को समग्र ब्राम्हण समाज द्वारा सम्मानित किया जाएगा। उपरोक्त कार्यक्रमो के आयोजन के लिए आयोजित सभा में निर्णय लिया गया।



गौरतलब है कि समग्र ब्राम्हण समाज गोंदिया द्वारा भगवान परशुराम जन्मोत्सव का आयोजन 2 व 3 मई 2022 को आयोजित किया गया है। जिसमें 2 मई को चंद्रकुमार दुबे पूर्व नगर अध्यक्ष तिरोड़ा की स्मृति में समाज की प्रतिभा युवक युवतियों जिनका चयन गत 2 वर्षो में सॉफ्टवेयर कंपनी, मेडिकल सेवा व शासकीय सेवा में हुआ है उनका सम्मान किया जाएगा। तथा उपरोक्त कार्यक्रम शाम 6 बजे आयोजित किया गया है। साथ ही उसी दिन महिलाओं के लिए भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। भगवान परशुराम जन्मोत्सव 3 मई के अवसर पर सुबह 8.30 बजे भव्य वाहन रैली भगवान परशुराम के निर्माणाधीन मंदिर छोटे पाल चौक के पास संत तुकाराम पुतले के समीप गणेश मंदिर समर्थ नगर से प्रारंभ होंगी तथा जिस का भ्रमण रामनगर, सिंधी कॉलोनी, बाजार आदि स्थानों पर होंगा तथा उसका समापन महिला मंडल प्रांगण में होगा। इसके साथ ही शाम 5 बजे भगवान परशुराम का अभिषेक पूजन आरती के पश्चात शोभायात्र महिला मंडल प्रांगण सिविल लाइन से प्रारंभ होंगी जो शहर के जयस्तंभ चौक, गांधी प्रतिमा, गोरेलाल चौक आदि प्रमुख मार्गो से होकर से होगा तथा इस शोभायात्र में आकर्षक झांकियां, बैंड तथा भगवान परशुराम के विग्रह के साथ समाज बंधु माता बहने शामिल होंगी। उपरोक्त आयोजन समिति की सभा में प्रमुखता से डॉ. सुधीर जोशी, सुरेश शेवाये, सतिश उपाध्याय, पं. शैलेश झा, अनूप शुक्ला, अमित शुक्ला, एच.वी. पांडे, जयंत शुक्ला, जितेंद्र तिवारी, अनंत दीक्षित, मुकेश मिश्रा, राजा मिश्रा, सुनील तिवारी, दिनेश द्विवेदी, प्रशांत पांसे, अमित मिश्रा, अतुल दुबे, नीलेश चौबे, बंटी मिश्रा, विनोद हिरड़े, नितिन गोखले, मंदार भडंग, श्रीमती कल्पना मिश्रा, श्रीमती लता बाजपेयी, श्रीमती मंजुलता शुक्ला, कु. सुजाता तिवारी, कु. शीला तिवारी, अलका शुक्ला, सुनीता शुक्ला, अंजु पाण्डे, अनुपमा झा, सरोज पांडे, पूजा तिवारी आदि बड़ी संख्या में समाज बंधु उपस्थित थे। बैठक में सभी ब्राम्हण जनों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति एवं योगदान का आव्हान किया।

# एनएसयूआई का ५२ वा वर्धापन दिवस संपन्न



बुलंद गोंदिया - एनएसयूआई के 52 वें वर्धापन दिवस के अवसर पर गोंदिया के शहीद कांग्रेस भोला भवन में ध्वजारोहण किया गया तथा स्थापना दिवस कार्यक्रम जैन कुशल भवन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटक के रुप में महाराष्ट्र प्रदेश युवक कांग्रेस के महासचिव शिवानी वडेत्तीवार प्रमुख रुप से उपस्थित थी तथा कार्यक्रम का आयोजन गोंदिया जिला एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष हरीश तुलसकर द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अवसर पर युवक कांग्रेस के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों जिला परिषद सदस्यो तथा एनएसयूआई के पूर्व जिला अध्यक्ष व जिले के वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं का सत्कार किया गया आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में गोंदिया जिला का अंग्रेज समिति के जिला अध्यक्ष दिलीप बंसोड़, महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस समिति के सचिव अमर वराडे, प्रदेश सचिव पीजी कटरे, पूर्व जिला अध्यक्ष बाबा कटरे, पूर्व प्रदेश सचिव विनोद जैन जिला उपाध्यक्ष झामसिंग बघेले, रत्नदीप दहीवले, शहर अध्यक्ष जहीर अहमद, तहसील अध्यक्ष सूर्यप्रकाश भगत, आलोक मोहंती, पूर्व जिलापरिषद अध्यक्ष उषा ताई मेंढे, महिला कॉंग्रेस अध्यक्ष वंदना ताई काळे, ओबीसी कॉंग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र कटरे, युवक कॉंग्रेस जिलाध्यक्ष राजकुमार बागडे, राष्ट्रीय प्रतिनिधी करण तमसेतवार, मार्का गोका, गोरेगाव तहसील अध्यक्ष डेमेंद्र रहांगडाले, ओम पटले, पप्पू पटले, एनएसयूआई जिला उपाध्क्ष किर्तिकुमार येरणे, शहर अध्यक्ष रुकनेझ शेख, जाहीद सोलंकी, अमन तिगाला, अमन रोगाटिया, नीलाम हलमारे, विजेंद्र बरोंडे, श्रीकांत घाटबांदे, आमगाव विधानसभा अध्यक्ष दीपक करोटे, तिरोडा विधानसभा अध्यक्ष निमरोध पटले, अर्जुनी मोरगांव विधानसभा अध्यक्ष रेहान शेख, सहित बड़ी संख्या में नागरिक व विद्यार्थी उपस्थित थे।

## एकलव्य आवासीय मॉडल स्कूल में छठी से नौवीं कक्षा के लिए प्रवेश सूचना

बुलंद गोंदिया - प्रदेश में आदिवासी विकास विभाग के अंतर्गत संचालित एकलव्य आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक वर्ष 2022-23 के लिए अनुसूचित जनजाति के पात्र विद्यार्थियों से आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं। प्रवेशपत्र नि:शुल्क वितरित किए जाएंगे और पूर्ण रुप से भरे हुए आवेदन 31 मई 2022 तक स्वीकार किए जाएंगे।

प्रतियोगिता परीक्षा 5 जून 2022 को सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक एकलव्य आवासीय पब्लिक स्कूल बोरगांव बा., ता. देवरी यहां आयोजित किया जाएगा। इस परीक्षा के लिए पात्र होने के लिए अनुसूचित जनजाति के बच्चों को फॉर्म के साथ निम्नलिखित दस्तावेजों को छोड़ना आवश्यक है। योजना का लाभ लेने के इच्छुक छात्रों के माता-पिता की आय सीमा 6 लाख रुपये तक होनी चाहिए। छठी कक्षा में प्रवेश के लिए पांचवीं पास की अंकतालिका, विकलांग छात्रों के लिए विकलांगता प्रमाणपत्र, आधार कार्ड, जाति प्रमाणपत्र, निवासी प्रमाणपत्र, दो पासपोर्ट साइज फोटो आदि आवेदन के साथ संलग्न कर 31 मई 2022 तक जमा किया जाना चाहिए।

# महापुरुषो के त्याग और बलिदान से हमारे जीवन आई रोशनी

## भगवान गावंडे के प्रबोधन से गूंज उठा कामठा ग्राम




बुलंद संवाददाता खातिया - गोदिया तहसील अंतर्गत आनेवाले ग्राम कामठा में भारतीय बौद्ध महासभा तालुका शाखा गोंदिया सर्कल कामठा व ग्राम शाखा कामठा के संयुक्त विद्यमान से 18 अप्रैल को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने भगवान गावंडे के भव्य प्रबोधन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम महाकारुणीक तथागत भगवान गौतम बुद्ध व बोधिसत्व परम पूज्य डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर तथा पंचशील ध्वज के समक्ष माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया व वंदना ली गई। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय बौद्ध महासभा तालुका शाखा अध्यक्ष एन. एल. मेश्राम ने की। इस अवसर पर दीप प्रज्वलक के रुप में महेंद्र मडामे, विशेष अतिथि के रुप में प्रशांत मेश्राम, जिला अध्यक्ष देवाराम मेश्राम, जिप सदस्य विजय लोनारे, उपाध्यक्ष मनोज दहीकर, संतोष बिसेन, लखन हरिनखेडे, शेखर गेडाम, सरपंच अनिता सिहमारे, उपसरपंच प्रकाश सेवतकर, मुरपार सरपंच यशवंत गेडाम, रावणवाड़ी सरपंच शीला रंजीत वासनिक, परसवाड़ा उपसरपंच संतोष हनवते, आश्रम शाला मुख्याध्यापक मेश्राम, पोलीस पाटील अनिरुद्ध टांडेकर, उपाध्यक्ष मनोहर भावे, सर्कल अध्यक्ष योगीराज वंजारी, आदि उपस्थित थे।

प्रबोधनकार भगवान गावंडे ने अपने प्रबोधन में कहा, महापुरुषों की त्याग और बलिदान की वजह से आज हमारे जीवन में रोशनी आई है, नहीं तो हमारा संपूर्ण जीवन अंधेरों में खो जाता व जीवन में महापुरुषों के बताए हुए मार्ग पर हमें चलना चाहिए व अंधश्रद्धा से दूर रहे आदि बातों को अपने प्रबोधन के माध्यम से व्यक्त कर महापुरुषों के विचार रखें। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कार्यालयीन सचिव विजय मेश्राम, महिला उपाध्यक्ष अस्मिता उके, राजकुमार गजभिए, राजू उके, देवेंद्र रामटेके, विक्की सावरकर, जितेंद्र रामटेके, उपाध्यक्ष महेंद्र गजभिए, दिनेश गजभिए, विजेंद्र गजभिए ग्राम शाखा अध्यक्ष आशा डोंगरे ने सहयोग किया। कार्यक्रम का संचालन महासचिव विजेंद्र मेश्राम ने किया तथा आभार महासचिव कोमलकुमार नंदागवली ने माना।

# कोरंभी से चारभट्टी देवस्थान मार्ग की जर्जर अवस्था

बुलंद संवादाता अर्जुनी मोरगांव - अर्जुनी मोरगांव तहसील के अंतर्गत आनेवाले कोरंभी से जागृत देवस्थान चारभट्टी जानेवाला मार्ग जगह-जगह से फूट चुका है। जिससे मार्ग की स्थिति जर्जर हो चुकी है। इस मार्ग से जाने वाले श्रद्धालुओं व नागरिकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। भंडारा जिले के लाखांदुर तहसील जंगल परिसर में हनुमानजी का जागृत देवस्थान है। उपरोक्त देवस्थान में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। इसके साथ ही भंडारा, गोंदिया, चंद्रपुर, गढ़चिरौली व महाराष्ट्र के अन्य जिले के भी श्रद्धालु भक्त यहां पहुंचकर पूजा अर्चना करते हैं तथा सिद्ध मंदिर के रुप में इसकी प्रसिद्धि है। इसके साथ ही चुनाव आने पर सभी राजनीतिक उम्मीदवार यहां आशीर्वाद लेने के लिए अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हैं।

उपरोक्त मंदिर में पहुंचने के लिए लाखांदुर तहसील के पूयार से रास्ता है। इसके साथ ही कोरंभी से चारभट्टी जाने के लिए मार्ग है। लेकिन गत अनेक वर्षो से इसका सुधार कार्य नहीं होने से जर्जर अवस्था में पहुंच चुका है। जिससे जगह-जगह गड्ढे हो जाने से यात्रियों व नागरिकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जिसके चलते जल्द से जल्द उपरोक्त मार्ग का खड़ीकरण कर डामरीकरण करने की मांग परिसर के नागरिकों द्वारा की गई है।





# प्रशासन के लिखित आश्वासन व परिजनों के समझाने पर टावर से उतरा आंदोलनकारी वासुदेव तावाडे



बुलंद संवाददाता खातिया - गोंदिया तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम खातिया निवासी किसान वासुदेव रामू तावाडे उम्र 55 वर्ष 14 अप्रैल की सुबह 4 बजे ग्राम के मोबाइल टावर में चढ़ गया था तथा उसकी मांग थी कि उसके बेटे की दुर्घटना में मौत नहीं हुई बल्कि उसकी हत्या है तथा उस पर सेवा सहकारी का बोगस कर्जा है। इस मांग को लेकर वह टावर पर चढ़कर आंदोलन कर रहा था जिसे प्रशासन का लिखित आश्वासन मिलने वह परिजनों के समझाए जाने पर 15 अप्रैल की शाम 5 बजे टावर से उतरकर आंदोलन खत्म किया।

इस अवसर पर ग्राम के पटवारी शरणागत द्वारा 14 अप्रैल को गोंदिया के नायब तहसीलदार आर एन पालंदुरकर द्वारा प्रशासन की ओर से कार्रवाई करने का लिखित आश्वासन का पत्र दिया गया तथा इस अवसर पर ग्राम की सरपंच सेवंता केशवराव तावाडे व उनके परिजन उपस्थित थे।

इस संदर्भ में ग्राम के पटवारी पीएस शरणागत द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि आंदोलनकारी से उसकी समस्या पर चर्चा की गई है तथा इस संदर्भ में सोमवार को गोंदिया के तहसीलदार धनंजय देशमुख के साथ सभा कर उसकी समस्या का समाधान किया जाएगा तथा इसका लिखित पत्र दिया गया है। तथा आंदोलनकारी को नींबू पानी पिलाकर उसका आंदोलन समाप्त किया गया।

# धूमधाम से मनाया गया आरोग्य वर्धिनी कार्यक्रम




बुलंद अर्जुनी मोरगांव - अर्जुनी मोरगांव तहसील के महागांव प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आरोग्य वर्धिनी कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन महागांव क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य जयश्री अनिल देशमुख ने किया। पंचायत समिति सदस्य प्रमोद लांडगे, सरपंच प्रभाकर कोव, उपसरपंच सुरेश पुस्टोले, चिकित्सा अधिकारी डॉ. मदवी, डॉ. गायकवाड़ मैडम, स्वास्थ्य कार्यकर्ता कस्तूवार, रामटेके, औषधि अधिकारी संजय हटवार, तकनीशियन दुंभरे मैडम, स्वास्थ्य कार्यकर्ता सोनवणे, चव्हाण, दूधकवार, सारिका कुंभारे, बुद्धड़े, किशोर लांजे, अनिल वाघारे और स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी मौजूद थे। इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने सरकार की स्वास्थ्य संबंधी पहलों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

# विकलांगता प्रमाणपत्र और वैश्विक पहचान पत्र वितरण के लिए तहसील स्तर के शिविरों का आयोजन

बुलंद गोंदिया - जिला प्रशासन विभाग, जिला समाज कल्याण विभाग, जिला परिषद और स्वास्थ्य विभाग संयुक्त रुप से ग्रामीण अस्पताल में स्वावलंबन पोर्टल के माध्यम से कंप्यूटर विकलांगता प्रमाणपत्र और यूडीआईडी वैश्विक पहचानपत्र के वितरण के लिए तहसील स्तर के शिविर आयोजित होंगा । स्वावलंबन पोर्टल पर पंजीकृत विकलांग व्यक्तियों को समाज कल्याण विभाग द्वारा दूरभाष द्वारा शिविर में भाग लेने के लिए बुलाया जाएगा। विकलांग व्यक्तियों के लिए आवश्यक दस्तावेजों के साथ शिविर स्थल पर उपस्थित होना अनिवार्य है। जिन विकलांग लोगों के पास स्वावलंबन यूडीआईडी कार्ड है, उन्हें शिविर में भाग लेने की आवश्यकता नहीं है। शिविर उन विकलांग व्यक्तियों के लिए आयोजित किए जाते हैं जिनके पास पुराना विकलांगता प्रमाणपत्र है और उन्होंने अभी तक पोर्टल स्वावलंबन के माध्यम से जारी कंप्यूटर विकलांगता प्रमाणपत्र प्राप्त नहीं किया है। इन शिविरों का आयोजन तहसील स्तर पर चरणों में किया गया है ताकि विकलांग व्यक्तियों को असुविधा न हो। शिविर 18 अप्रैल 2022 को ग्रामीण अस्पताल सालेक्सा में, 21 अप्रैल को ग्रामीण अस्पताल सड़क अर्जुनी में, 25 अप्रैल को उपजिला अस्पताल तिरोडा में, 28 अप्रैल को ग्रामीण अस्पताल आमगांव में, 2 मई को ग्रामीण अस्पताल गोरेगांव में और 6 मई 2022 को ग्रामीण अस्पताल देवरी में आयोजित किए गए हैं। जिला परिषद एवं समाज कल्याण विभाग के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनिल पाटिल ने विकलांग व्यक्तियों से अपील की है कि वे समाज कल्याण विभाग के माध्यम से अपनी उपस्थिति की सूचना मिलने पर ही शिविर में आएं।

# मेरा वोट बिकाऊ नहीं, मतदाताओं ने मत न बेचने की ली शपथ




बुलंद गोंदिया - सविधान मैत्री संघ व सर्व समाज विचार महोत्सव समिति द्वारा शहर के गुरुनानक ऑडिटोरियम में मतदाता प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया था। जिसमें सैकड़ों युवक-युवतियों ने हिस्सा लिया उपरोक्त कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम के प्रशिक्षक पुरुषोत्तम मोदी द्वारा किया गया तथा मेरा वोट बिकाऊ नहीं है इस विषय पर कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर उपस्थित जनों को ईमानदार राजनीति के लिए इमानदार जनप्रतिनिधि कैसे चुने इसकी जानकारी दी गई तथा इस दौरान आने वाली विभिन्न समस्याओं अड़चनों वह शंकाओं का निवारण किया गया। आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर उपस्थित युवाओं द्वारा अपना वोट ना बेचने तथा हमारा वोट बिकाऊ नहीं है की शपथ ली तथा इस अभियान में शामिल होने व अन्य युवाओं को जोड़ने का संकल्प लिया।

# साईटोला में ग्रामीणों का आंदोलन, रेत उत्खनन का कार्य रोका, जिम्मेदार कौन?



बुलंद गोंदिया - गोंदिया तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम साई टोला के समीप साई टोला रेती घाट को लेकर ग्रामीणों द्वारा 15 अप्रैल को रास्ता रोको आंदोलन पर रेती से भरे ट्रकों को बीच मार्ग में ही रोक दिया वह रेत उत्खनन बंद करवा दिया इस घटना में जिम्मेदार कौन ग्रामीण की रेत उत्खनन ठेकेदार इस पर प्रश्नचिन्ह निर्माण हो रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गोंदिया तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम साईटोला के साईटोला रेत घाट से रेत का उत्खनन नीलामी के पश्चात संबंधित ठेकेदार द्वारा किया जा रहा था। लेकिन 15 अप्रैल को ग्रामीणों द्वारा अपनी विभिन्न मांगों को लेकर रास्ता रोको आंदोलन व रेत से लदे वाहनों को मार्गो से निकलने पर प्रतिबंध लगाया जिस की जानकारी पुलिस प्रशासन को मिलने पर तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर मामले को नियंत्रण में लेना चाहा किंतु आक्रोशित ग्रामीणों द्वारा विवाद की स्थिति निर्माण की जिससे तनावपूर्ण स्थिति निर्माण हो गई। विशेष यह है कि उपरोक्त आंदोलन के दौरान ग्रामीणों द्वारा एक मत से कोई भी मांग सामने नहीं रखी ग्रामीणों के अलग-अलग गुट द्वारा अपनी अपनी मांग सामने रख यह आंदोलन किया जिसमें रेती घाट से रेत का परिवहन करने वाले वाहन गांव के जिस मार्ग से गुजरते हैं उसकी स्थिति खराब हो चुकी है उसे सुधारने वह रेत घाट में ग्राम के ही नागरिकों के ट्रैक्टर लगाने की मांग की गई।

इस हंगामा पूर्ण वातावरण के चलते रेत उत्खनन का कार्य रुक गया है इस आंदोलन के दौरान ग्रामीणों द्वारा पुलिस प्रशासन व राजस्व विभाग के साथ विवाद पूर्ण स्थिति निर्माण कर शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने के चलते दवनीवाड़ा पुलिस थाने में अनेक लोगों पर मामला भी दर्ज किया गया है। उल्लेखनीय है कि गोंदिया जिले में इस वर्ष जिले के तकरीबन रेती घाट नीलाम हो चुके हैं जिससे शासन को करोड़ों रुपए का राजस्व भी प्राप्त हुआ है तथा रेत चोरी की घटनाओं पर काफी हद तक लगाम लग चुका है। करोड़ों में रेती घाट लेने वाले ठेकेदारों द्वारा रेत का उत्खनन शुरु किया गया है किंतु ग्राम की राजनीति के चलते उत्खनन के कार्य में बाधा पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। जबकि शासन के नियमानुसार रेती घाट नीलाम होने के साथ ही घाट से उत्खनन कर परिवहन करने का मार्ग भी शासन द्वारा निश्चित किया जाता है तथा घाटों के नीलाम होने वाली राशि का करीब 30: राशि संबंधित ग्राम पंचायत को विकास के लिए प्राप्त होती है किंतु इस तरह गंदी राजनीति कर घाटों को बाधा पहुंचाने का कार्य करने से भविष्य में रेती घाट नीलामी की प्रक्रिया में संबंधित व्यापारी नहीं पहुंचेंगे जिससे रेती घाट नीलाम तो नहीं होंगे लेकिन रेत चोरी बड़े पैमाने पर शुरु हो जाएंगी जिससे शासन को राजस्व का नुकसान होने के साथ ही ग्राम के विकास को मिलने वाली राशि भी बाधित होंगी। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह मामला जिलाधिकारी तक पहुंच चुका है तथा इस मामले में जल्द ही जिलाधिकारी द्वारा क्या निर्णय लिया जाता है इस पर नजरें टिकी हुई है।



# किक बॉक्सिंग स्पर्धा में विभोर अग्रवाल की सफलता



बुलंद गोंदिया - गोंदिया जिला किक बॉक्सिंग एसोसिएशन द्वारा जिला स्तरीय किक बॉक्सिंग स्पर्धा 2022 आमगांव में ली गयी। स्पर्धा में फोण्डल बॉक्सिंग अकादमी गोंदिया के खिलाड़ी विभोर नवीन अग्रवाल ने अपने आयु और वजन गट में सहभाग लेकर स्वर्ण पदक प्राप्त किया व विभोर अग्रवाल का राज्य स्तरीय स्पर्धा के लिए चयन भी हुआ है। खिलाड़ी ने अपनी सफलता का श्रेय फोण्डल बॉक्सिंग अकादमी के मुख्य कोच (मास्टर ट्रेनर) श्री मुजीब बेग सर, निलेश फुलबांधे सर, अजीत सवालाखे सर, फोण्डल अकादमी की संचालिका श्रीमती गुरप्रितकौर होरा मैडम, श्रीमती निलम अग्रवाल मैडम, पूर्वा अग्रवाल, कुशल लिल्हारे को दिया। किक बॉक्सिंग स्पर्धा के आयोजक हेमंत चावके सर तेजसिंग आलोट सर, संगम बावनकर सर, मुकेश शेड़े सर थे।

# बजरंगबली जैसा हो युवाओं का व्यक्तित्व



बुलंद गोंदिया - हम सभी भारतवासियों के परम श्रद्धेय हमारे आराध्य प्रभु श्री हनुमान जी महाराज बल बुद्धि विद्या देने वाले परम प्रतापी प्रभु श्री राम जी के परम भक्त हैं, हमारे भारत देश के युवाओं के आराध्य हनुमान जी है हनुमान जी का व्यक्तित्व गुणों की खान है हमारे युवाओं को हनुमान जी जैसा व्यक्तित्व का निर्माण करना होगा, स्वामी विवेकानंद जी ने कहे थे मुझे सौ बलशाली और समर्पित युवा चाहिए एक शक्तिशाली समाज के निर्माण के लिए, और प्रभु श्रीराम के परम प्रिय भक्त हनुमान जी युवाओं के लिए प्रेरणा है, युवाओं को हनुमान जी के गुणों को स्वयं में धारण करना चाहिए गुण जैसे सत्य, सेवा, ब्रम्हचर्य, बल की उपासना, सभी जन के प्रति आदर, गुरु की आज्ञा का पालन, एवं न्याय की स्थापना करना तभी भारत देश के युवा पृथ्वी के सबसे बलशाली और गुणवान युवा बनेंगे।

बजरंगबली जैसा हो युवा का<br>
व्यक्तित्व<br>
एवं चरित्र<br>
तो मिलेगे उन्हें सुग्रीव जैसे<br>
बलशाली मित्र<br>
जो करता है भक्ति प्रभु श्री हनुमान की<br>
उनके ह्रदय में स्वयं बसते हैं<br>
श्री राम लक्ष्मण और माता जानकी

- हार्दिक जे.जीवानी

## ट्रेन के शौचालय में छुपाकर रखा

# ३ लाख का ३१ किलो गांजा जप्त



## ऑपरेशन नारको के तहत गोंदिया रेलवे सुरक्षा बल को मिली सफलता

बुलंद गोंदिया - ट्रेनों में मादक पदार्थ की तस्करी पर प्रतिबंध लगाने के लिए वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त पंकज चुघ आदेशानुसार गोंदिया रेलवे सुरक्षा बल द्वारा ऑपरेशन नारको चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत 14 अप्रैल को दुर्ग से नागपुर की ओर जाने वाली ट्रेन क्रमांक 12807 में जांच अभियान गोंदिया रेलवे सुरक्षा बल के प्रभारी नंद बहादुर के नेतृत्व में सहायक निरीक्षक मयंक मिश्रा व उनके दल द्वारा किया गया जिसमें गाड़ी के कोच क्रमांक ँ 9 के शौचालय में छत के ऊपर 15 पैकेट गांजा मादक पदार्थ जप्त किया गया। उपरोक्त पैकेट पूरी तरह सील बंद कर सेलो टेप से चिपकाए गए थे तथा उपरोक्त मादक पदार्थ के संदर्भ में कोच में उपस्थित यात्रियों से पूछताछ किए जाने पर किसी का भी मालिकाना हक वह जानकारी प्राप्त नहीं हो पाई जिसके चलते सभी लावारिस पाकिटो को गोंदिया रेलवे स्टेशन के आने पर प्रभारी निरीक्षक की उपस्थिति में सभी पैकेट को जप्त कर गोंदिया के नायब तहसीलदार की उपस्थिति में रेलवे सुरक्षा बल गोंदिया लाया गया जिनका वजन किए जाने पर 31 किलो 272 ग्राम मादक पदार्थ गांजा पाया गया जिसकी अंदाजन कीमत 312720 बताई गई है। तथा मादक पदार्थ प्रतिबंधक कानून की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ जांच शुरु की है।

# जिले की आठ पंचायत समितियो के सभापति पद के लिए आरक्षण घोषित



बुलंद गोंदिया - गोंदिया जिले की आठ पंचायत समितियों के आगामी कार्यकाल के लिए सभापति पद का आरक्षण जिलाधिकारी कार्यालय में निकाला गया। जिसमें गोंदिया पंचायत समिति सर्वसाधारण, सालेकसा पंचायत समिति अनुसूचित जाति, अर्जुनी मोरगांव पंचायत समिति अनुसूचित जाति महिला, आमगांव पंचायत समिति सर्वसाधारण, देवरी पंचायत समिति सर्वसाधारण महिला, सड़क अर्जुनी पंचायत समिति सर्वसाधारण महिला, गोरेगांव पंचायत समिति सर्वसाधारण व तिरोड़ा पंचायत समिति के लिए सर्व साधारण महिला का आरक्षण निकाला गया। उपरोक्त आरक्षण जिलाधिकारी कार्यालय में जिला चुनाव अधिकारी व जिला अधिकारी नयना गुंडे की प्रमुख उपस्थिति में घोषित किए गए।

# मृतक पुलिस पटेल के परिवार को पुलिस पटेल संगठन ने की आर्थिक मदद

बुलंद गोंदिया - गोंदिया जिले के दवनीवाड़ा पुलिस थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम नवेगांव के पुलिस पटेल रामचंद्र बघेले का 12 अप्रैल को आकस्मिक निधन हो गया जिसके चलते परिवार के मुखिया के आकस्मिक निधन हो जाने से परिवार पर संकट निर्माण हो गया ऐसी परिस्थिति में गोंदिया जिला पुलिस पटेल संघटना द्वारा उनके निवास स्थान पर पहुंचकर 10000 की आर्थिक मदद की। उल्लेखनीय है कि पुलिस पटेल को सेवानिवृध्दि के पश्चात पेंशन की सुविधा ना होने तथा आकस्मिक परिवार के मुखिया का निधन हो जाने से परिवार पर आर्थिक संकट निर्माण हो जाता है। इस बात को मैनेजर रखते हुए कामगार पुलिस पटेल संघठना उपशाखा दवनीवाड़ा की ओर से मृतक पुलिस पटेल रामचंद बघेले के परिवार को आर्थिक मदद दी गई साथ ही शोक संवेदना व्यक्त कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर दवानीवाड़ा शाखा के अध्यक्ष तथा गोंदिया जिला संगठन कुंजीलाल भगत राजु कडव, झनकसिंह लिल्हारे, लोकचंद बिजेवार, राजु ठाकरे, सौ. पुस्तकला चौरे, सौ. शालु डोंगरे, गोंदिया जिला पोलीस पाटेल संघटना चे कार्याध्यक्ष प्रविण कोचे, सहसंघटक रविंद्र बिसेन, विनोद नंदेश्वर, अशोक पटले, नितीन बघेले, दिनेश कडिनाहके व अन्य सर्व पोलीस पाटील उपस्थित थे।



# जनता के प्रश्नों को हल कर संगठन को करें मजबूत - पूर्व विधायक राजेंद्र जैन




बुलंद गोंदिया - सालेकसा तहसील राष्ट्रवादी कांग्रेस पक्ष की सभा गुरुद्वारा हॉल स्टेशन रोड सालेकसा में पूर्व विधायक राजेंद्र जैन, गंगाधर परशुरामकर की प्रमुख उपस्थिति में आयोजित की गई तथा आयोजित सभा में सदस्यता अभियान संगठन चर्चा व जिला परिषद पंचायत समिति चुनाव की समीक्षा ली गई। साथ ही इस अवसर पर पक्ष को बढ़ाने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर पूर्व विधायक राजेंद्र जैन ने कहा कि सालेकसा तहसील में पक्ष की हार का कारण पदाधिकारियों द्वारा निकाला जाना चाहिए तथा क्या गलतियां हुई है उन गलतियों पर भविष्य में मात कर जनता से संवाद कर उनकी समस्याओं का हल कर पक्ष को मजबूत करने का कार्य करें। इसके साथ ही कार्यकर्ता व पदाधिकारी प्रत्येक महीने में जनसंवाद आयोजित करें तथा तहसील में अधिक से अधिक पक्ष के सदस्य पंजीयन कर पक्ष को मजबूत करने का आहवान किया। आयोजित सभा में पूर्व विधायक राजेंद्र जैन गंगाधर परशुरामकर, नरेश माहेश्वरी, दुर्गाबाई तिराले, प्रभाकर दोनोडे, गोपाल तिराले, बिसराम चर्जे, डॉ. अजय तुमाटे, लक्ष्मण नागपुरे, रोहित बनोटे, निकेश गाढव, संतोष रहांगडाले, दौलत अग्रवाल, माधवराव शहारे, ओमकार रहांगडाले, रवींद्र कटरे, मायकल मेश्राम, रघुदास नागपुरे, रजत बडोले, प्रेमचंद लिल्हारे, जयेंद्र नंदेश्वर, जितेंद्र बडोले, संदीप शेंडे, किशोराव वानखेडे, माधवराव शहारे, हिरामण बडोले, ओमप्रकाश लांजेवार, शफिकभाई शेख, समीर कटरे, शांताराम मौजे, चंदू दोनोडे, हिवराज कुतीर, कमलेश लिल्हारे, ओंकार खोब्रागडे, संदीप मिश्रा, अजय उमाटे, पूजा वरकडे, कवलचंद दासरीया व अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# देवरी महामार्ग पर उड़ान पुल की मांग भाजपा विद्यार्थी मोर्चा ने दिया निवेदन

बुलंद संवाददाता देवरी - देवरी जिले का तहसील स्थान है तथा इसके साथ ही राष्ट्रीय महामार्ग क्रमांक 6 पर बसा हुआ है। जहा अनेक स्कूल कॉलेज होने पर शिक्षा लेने के लिए शहर व ग्रामीण क्षेत्र के हजारों विद्यार्थी प्रतिदिन आवागमन करते हैं, किंतु राष्ट्रीय महामार्ग पर उड़ान पुल नहीं होने से महामार्ग के अनेक चौक पर वाहनों के निरंतर आवागमन चलते रहने से विद्यार्थियों व नागरिकों को मार्ग पार करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही इस कारण अनेक दुर्घटना भी घटित हो चुकी है तथा भविष्य में भी दुर्घटना घटित होने व इस गंभीर समस्या का हल नहीं होने पर काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। इन सभी परेशानियों को देखते हुए राष्ट्रीय महामार्ग पर उड़ान पुल का निर्माण जल्द से जल्द करने के लिए भारतीय जनता पार्टी के विद्यार्थी मोर्चा देवरी तहसील के माध्यम से नगर पंचायत के नगर अध्यक्ष संजय ऊईके को निवेदन दिया गया तथा नगर पंचायत की सभा में उपरोक्त प्रस्ताव को मंजूर कर शासकीय स्तर पर भेजने की मांग की गई है।

उपरोक्त निवेदन देते समय भाजपा विद्यार्थी मोर्चा के तहसील अध्यक्ष निशांत चन्ने, दिनेश भेलावे, देवेंद्र गायधने, हितेश हटवार, धीरज तिरपुड़े, राहुल मर्सकोले व प्रेषित चचाने आदि प्रमुख रुप से उपस्थित थे।



स्वामित्व, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक नवीन माणिकचंद अग्रवाल द्वारा बुलंद गोंदिया साप्ताहिक समाचार पत्र भवानी प्रिंटींग प्रेस, गुरुनानक वार्ड, गोंदिया, ता.जि.गोंदिया से मुद्रित व बुलंद गोंदिया भवन, जगन्नाथ मंदिर के पास गौशाला वार्ड, गोंदिया ४४१६०१, ता.जि.गोंदिया से प्रकाशित। संपादक : संपादक नवीन माणिकचंद अग्रवाल, मो.क्र. ९४०५२४४६६८। (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार) प्रकाशित किये गये समाचार व लेख से संपादक सहमत है ऐसा नहीं है। न्यायालय क्षेत्र गोंदिया।